वार्षिक आकलन – मार्च 2017
कक्षा– 8
विषय – चित्रकला

अधिकतम अंक : 80 | समय : 150 मिनट

निर्देश :

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।

1. किसी वस्तु का चित्रण करते समय, चित्र और नेत्रों में लगभग ...........सेंटीमीटर की दूरी होनी चाहिए। 1
   (क) 30 (ख) 40
   (ग) 60 (घ) 50
2. किसी एक रंग में दूसरे रंग के साथ शेडिंग देने के लिए क्या करना चाहिए? 1
   (क) एक रंग के सूखने का इंतजार (ख) अधिक पानी के साथ दूसरा रंग लेना
   (ग) कम पानी के साथ रंग लेना (घ) इनमें से कोई भी नहीं
3. छात्रों को दृष्टिक्रम के सिद्धांतों के साँचे में ढालने के लिए उन्हें अभ्यास करना चाहिएः– 1
   (क) अनुपात का (ख) रंग योजना का
   (ग) प्रकाश व छाया का (घ)सभी का
4. किसी देखी हुई वस्तु को ध्यान में रखकर चित्रण करने की क्रिया को ........... कहते हैं। 1
   (क) स्मृति चित्रण (ख) मुक्त रेखांकन
   (ग) वस्तु चित्रण (घ) अक्षरांकन
5. घनाकार या घनाभाकार वस्तु का चित्र बनाते समय कागज़ के चारों और लगभग कितने सेंटीमीटर की हाशिया छोड़ना आवश्यक है? 1
   (क) 2 से 3 सेंटीमीटर (ख) 4 से 5 सेंटीमीटर
   (ग) 6 से 7 सेंटीमीटर (घ) 3 से 4 सेंटीमीटर
6. बहुभुज के समस्त अन्तः कोणों का योग भुजाओं की संख्या के दुगने से कितने समकोण कम होता है? 1
   (क) पाँच (ख) चार
   (ग) दो (घ) छः
7. फूल–पत्तियों और पुश–पक्षियों को अपनी काल्पनिक शक्ति से कुछ परिवर्तन करके किसी विशेष क्रम से सजाने को कहा जाता हैः– 1
   (क) प्राकृतिक डिजाइन (ख) काल्पनिक डिजाइन
   (ग) मिश्रित डिजाइन (घ) अलंकारिक डिजाइन
8. किसी भी वस्तु के चित्रण के बाद उसकी छाया और प्रकाश कब दिखाना चाहिए? 1
   (क)बाहरी रुप रेखा ठीक प्रकार से बनने उपरान्त (ख) आधी बन जाने पर
   (ग) पूरी तरह से बनने पर (घ) किसी भी स्तर पर
9. सफेद रंग .............. का प्रतीक है। 1
   (क) शांति (ख) दृढ़ता
   (ग) दुख (घ) ठण्ड़क

10. दीर्घ वृतखण्ड का कोण ............. का होता है। 1

(क) 90° से कम (ख) 180°

(ग) 60° (घ) 360°

11. जिन रंगों में विरोध की मात्रा कम होती है, वे कौन से रंग कहलाते हैं? 1

(क) गौण रंग (ख) अनुकूल रंग

(ग) विरोधाभासी रंग (घ) प्राथमिक रंग

12. किसी वस्तु को देखकर पैन, पैन्सिल अथवा ब्रुश और रंग द्वारा मुक्त हस्त से बिना किसी ज्यामितिक उपकरण की सहायता से चित्र बनाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं? 1

(क) स्मृति चित्रण (ख) मुक्त रेखांकन

(ग) वस्तु चित्रण (घ) अक्षरांकन

13. चित्रण करते समय रेखाएँ ................ ओर खींचनी चाहिए। 1

(क) बाऐं से दाऐं (ख) दाऐं से बाऐं

(ग) मध्य से बाऐं (घ) मध्य से दाऐं

14. चलते फिरते उठते बैठते जिन वस्तुओं पर दृष्टि पड़ती रहती है, उनका चित्रकार की दृष्टि से, क्या ध्यान से देखना चाहिए? 1

(क) अनुपात (ख) सुडौलता

(ग) बनावट (घ) सभी

15. जीवा का लम्ब अर्धक केन्द्र पर कहाँ से गुजरता है? 1

(क) ऊपर से (ख) केन्द्र से

(ग) नीचे से (घ) कहीं से भी

16. त्रिज्या किसे कहते हैं? 2

17. वस्तु चित्रण करते समय विशेष रुप से ध्यान रखने योग्य दो बातें लिखिए। 2

18. बैंगन का चित्र बनाइए। 2

19. ईंट का चित्र बनाओ। 2

20. वृतखण्ड़ की परिभाषा लिखिए। 2

21. मानव आकृति में 'हाथ' बनाइए। 2

22. रंगों के महत्त्व का उल्लेख कीजिए। 2

23. स्मृति चित्रण हमारे मस्तिष्क के विकास में किस प्रकार सहायक है? 2

24. एक सुराही बनाओ। 2

25. एक कमल का फूल बनाओ। 2

26. दिए हुए रेखाखण्ड अ ब पर समअष्टभुज की रचना करो। 3

27. चित्रण करते समय हमें क्या–क्या बातें ध्यान में रखनी चाहिए। 3

28. रंग योजना क्या है? समझाइए। 3

29. एक पुस्तक पर सेब बनाकर उसकी प्रकाश व छाया दर्शाइए। 3

30. एक वृत में डिजाइन बनाकर उसमें सुंदर रंग भरिए। 3

31. दो असमान वृत्तों की सीधी उभयनिष्ट स्पर्श रेखा खींचो। 3

32. अक्षरांकन में 'ART OF LIFE' लिखिए। 3

33. एक चॉक का डिब्बा बनाकर उसमें पैंसिल शेड कीजिए। 3

34. एक ग्रीटींग कार्ड सुंदर रंगों से सजाइए। 3

35. प्लेट में फलों का समूह बनाओ। 3

36. त्रिभुज अ ब स का अन्तः वृत खींचो। 5

37. दो समान वृत्तों की उभयनिष्ट बिन्दु पर स्पर्श रेखा खींचो। 5

38. गाय का चित्र बनाओ। 5